तापमान
अधिकतम 36.4 डिग्री
न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 3 मई 2026

12 मजदूर दिवस की रैली व आमसभा में दिखी ...



12 दल्लीराजहरा में बुद्ध जयंती का भव्य आयोजन








## खबर संक्षेप

### नेवारीकला में 5 एकड़ का पैरा जलकर राख



**लाटाबोड़।** ग्राम नेवारीकला में शनिवार सुबह करीब 8 बजे एक बड़ा हादसा हो गया, जब किसान बहारू राम साहू के खलिहान में रखे लगभग 5 एकड़ के पैरा (फसल अवशेष) में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा पैरा जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि खलिहान के पास स्थित कूड़ादान से पटाखे जैसी आवाज के साथ चिंगारियां निकलीं, जो सीधे पैरा में जाकर गिरीं और आग भड़क उठी। घटना के बाद ग्रामीणों ने तुरंत अपने स्तर पर पास के घरों में लगे नलों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज गर्मी और सूखे पैरा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पूरे खलिहान में रखा पैरा जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। इस घटना से किसान बहारू राम साहू को भारी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक आघात भी पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### पुरानी रंजिश में युवक से मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजीश के चलते एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के साथ मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम पड़कीभाट थाना सनौद निवासी दल्लूराम साहू ने पुलिस को बताया कि आमा तालाब पड़कीभाट में पेड़ का सूखा डंगाल तालाब तरफ गिरा हुआ था, जिसे जलाउ लकड़ी के लिये ग्राम समिति से खरीदा था शाम को लकड़ी काटने के लिये दिखाने के लिये ग्राम कोसागोंदी के मजदूर दुष्यंत साहू और पेखलाल को लेकर जा रहा था, उसी समय देवेन्द्र साहू मोटर सायकल में आया और पारिवारिक पुरानी रंजिश को लेकर मेरे दोनों हाथ को पकड़कर मरोड़ दिया और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में पड़े डण्डा से दोनों शेष पेज 11 पर

**सुशासन :** शिविरों में पेयजल, पंडाल व कूलर जैसी सुविधाओं के निर्देश

# उप मुख्यमंत्री शर्मा ने की तैयारियों वर्चुअल समीक्षा, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- आवेदनों का त्वरित निराकरण, जनप्रतिनिधियों की भागीदारी अनिवार्य
- 32 शिविरों का आयोजन, सुरक्षा व जागरूकता पर भी जोर
- किसानों को मुफ्त नक्शा-खसरा, पेंशन और राशन कार्ड कार्य प्राथमिकता में

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने बालोद जिले में सुशासन तिहार 2026 के आयोजन के तैयारियों के संबंध में जिला कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक लेकर आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को 01 मई से 10 जून तक आयोजित सुशासन तिहार के आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त सभी आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने तथा भीषण गमएँ को देखते हुए जिले में आयोजित होने वाले प्रत्येक शिविरों में आम जनता के सहुलियत हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शर्मा ने सभी शिविरों में आम जनता की समुचित बैठक व्यवस्था, सुनिश्चित करने हेतु पर्याप्त मात्र में पंडाल आदि की व्यवस्था करने के अलावा सभी शिविरों में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल, आम के पना आदि पेय पदार्थों के अलावा कूलर आदि की भी समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए उन्होंने जिले के विभिन्न सेवा भावी संस्थाओं का मदद लेने को कहा। इसके अलावा उन्होंने शिविर में आम जनता की भागीदारी शेष पेज 11 पर

### शिविरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

बैठक में उप मुख्यमंत्री ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों में पुलिस विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को पुलिस विभाग के स्टॉल में आम जनता को नशा उन्मूलन के संबंध में जानकारी प्रदान करने के अलावा इसके लिए अभियान भी चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने आम नागरिकों को सायबर फ्रॉड, घुसपैठियों की रोकथाम के उपायों की जानकारी भी देने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को प्रत्येक शिविरों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने तथा शिविर आयोजन के पूर्व शिविर में शामिल ग्रामों का विजिट भी करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने बताया कि बालोद जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में 23 एवं नगरीय क्षेत्रें में 09 सहित जिले में कुल 32 जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम पिनकापार में जिला का पहला जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। मिश्रा ने कहा कि जिले में शिविरों के सफल आयोजन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को प्रत्येक शिविरों के लिए नोडल अधिकारी एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को अपने-अपने अनुविभाग के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस दौरान एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन सुनिश्चित कराने हेतु इसका समुचित प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों तथा राज्य शासन के अधिकारियों के प्रवास कार्यक्रमों के आयोजन हेतु भी सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। कलेक्टर ने कहा कि स्थानीय सांसद, जिले के विधायकों के अलावा अन्य सभी जनप्रतिनिधियों को सुशासन तिहार के आयोजन की सूचना दे दी गई है।

## विधायक संगीता ने शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जिले की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने बोर्ड परीक्षा परिणाम को जिले के लिए निराशाजनक बताया है।



- प्रवीण्य सूची में नहीं मिला स्थान, जिले की रैंकिंग में आई गिरावट पर जताई चिंता

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि जिला बनने के पहले से लेकर जिला बनने के बाद भी जिले के विद्यार्थी लगातार बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे थे लेकिन इस वर्श का बोर्ड परीक्षा परिणाम जिले की लचर शिक्षा व्यवस्था की ओर ईशारा कर रही है। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि इस वर्श बोर्ड परीक्षाओ में प्रदेश की प्रवीण्य सूची में एक भी बच्चा नही है वही जिले का परीक्षा परिणाम भी इतना खराब है कि प्रदेश में जिले में शिक्षा व्यवस्था को संभालने वाले अधिकारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के जगह विभिन्न कार्यक्रमो में सम्मिलित होना व अन्य कार्यो को करने के लिए तवज्जो देते दिख रहे है जिसके कारण जिले के स्कूलो की शिक्षा व्यवस्था दिन ब दिन बद्तर होती जा रही है जिसका नतीजा बोर्ड परीक्षा परिणाम में साफ देखा जा रहा है। जहां बालोद जिला का नाम शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अंग्रणी रहता था तथा हर वर्श जिले से बोर्ड के टॉप टेन में बच्चे स्थान प्राप्त करते थे लेकिन इस वर्श बोर्ड के टॉप टेन में जिले का नाम होना तो दूर राज्य स्तर पर कक्षा दसवी में 65.94 प्रतिशत के साथ शेष पेज 11 पर

## रेंगाडबरी में जल जीवन मिशन फेल, टंकी बनी शोपीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



- गर्मी में बढ़ा जल संकट, महिलाएं परेशान
- शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं, ग्रामीणों में नाराजगी

वनांचल क्षेत्र के ग्राम रेंगाडबरी में जल जीवन मिशन की हकीकत सवालों के घेरे में है। लाखों रुपये की लागत से बनी पानी टंकी महीनों से तैयार खड़ी है, पाइपलाइन भी बिछ चुकी है, लेकिन आज तक एक भी घर के नल में पानी नहीं पहुंचा। हालात यह हैं कि टंकी शोपीस बनकर रह गई है और ग्रामीण बूंद-बूंद पानी के लिए जूझ रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक "हर घर नल से जल" का सपना अभी भी अधूरा है। करीब 6 महीने पहले टंकी का निर्माण पूरा हो चुका है और घरों में कनेक्शन भी दे दिए गए हैं, टंकी भरने के लिए बोर किया जा चुका है, लेकिन बोर में न पंप लगाई गई है और न ही बिजली कनेक्शन लिया गया है। नतीजतन पूरी योजना कागजों में ही सिमट कर रह गई है। जो की पूरी तरह विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। गर्मी बढ़ते ही गांव में जल संकट गहराने लगा है। महिलाएं आज भी हैंडपंप और दूर-दराज के स्रोतों से पानी लाने को मजबूर हैं। हैंडपंपों का जलस्तर भी लगातार गिर रहा है, जिससे परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला। एक ग्रामीण ने नाराजगी जताते हुए कहा, टंकी खड़ी है, पाइप बिछा है, शेष पेज 11 पर

## मुख्य न्यायाधीश सिन्हा ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा बालोद जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिला एंव सत्र न्यायालय बालोद के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान न्यायमूर्ति सिन्हा ने जिला अधिवक्ता संघ द्वारा जिला न्यायालय परिसर में स्थित अधिवक्ता कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर न्यायालयीन अधिकारियों एवं जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा किए गए आत्मीय अभिनंदन एवं स्वागत की सराहना की। इस मौके पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने जिला अधिवक्ता संघ के मांगों को त्वरित संज्ञान में लेते हुए कमियों को दूर करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद के व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु हर संभव मदद उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। उन्होंने ग्राम सिवनी में संयुक्त जिला कार्यालय के समीप निर्माणाधीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन में अधिवक्ता कक्ष के दायरे को बढ़ाने के संबंध में भी शेष पेज 11 पर



### गॉड ऑफ आर्नर भी दिया गया

इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होकर बालोद जिले में आज अपने प्रवास कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुनील सोनी एवं सचिव अखिलेश्वर नाथ योगी तथा अन्य पदाधिकारियों के द्वारा मुख्य न्यायाधीश को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायधीश रमेश सिन्हा के जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद पहुँचने पर गॉड ऑफ आर्नर भी दिया गया। इस मौके पर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बालोद शैलेश कुमार तिवारी, प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बालोद आनंद प्रकाश दीक्षित, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी. बालोद ताजुद्दीन आसिफ, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. शेष पेज 11 पर

## यातायात नियमों पर सख्ती, 1032 चालकों पर की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- सबसे ज्यादा कार्रवाई कागजात नहीं रखने पर
- 20 मामलों में सीट बेल्ट नहीं पहनने तथा 5 मामलों में शराब पीकर वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई की गई

थाना डौंडीलोहारा द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। जनवरी से अब तक मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कुल 1032 मामलों में कार्रवाई की गई है, जिससे यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस की सख्ती साफ नजर आ रही है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक 790 मामलों में वाहन चालकों द्वारा मौके पर कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई की गई। वहीं 58 मामलों में ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं करने, 20 मामलों में सीट बेल्ट नहीं पहनने तथा 5 मामलों में शराब पीकर वाहन चलाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके अलावा 159 मामलों में मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत की गई 1032 कार्रवाई को देखा जाए तो यातायात नियमों के उल्लंघन की तस्वीर साफ तौर पर सामने आती है। आंकड़ों के अनुसार, वाहन चालकों द्वारा सबसे ज्यादा लापरवाही आवश्यक दस्तावेज साथ नहीं रखने को लेकर सामने आई है, जबकि गंभीर माने जाने वाले कुछ उल्लंघनों के मामले अपेक्षाकृत कम पाए गए हैं। सबसे अधिक 790 मामलों में वाहन शेष पेज 11 पर



### सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें, ताकि दुर्घटना ना हो

नवीन थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि यातायात नियम तोड़ने वालों पर आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

**ड्रेस कोड और प्रतिबंधित वस्तुओं पर सख्त निर्देश**

# नीट परीक्षा आज, जिले के 462 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा 03 मई को आयोजित किया जा रहा है। बालोद जिले में नीट परीक्षा के आयोजन हेतु 02 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम दुधली में स्थित पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय एवं स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दुधली में परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 03 मई को दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी अजय किशोर लकरा ने बताया कि नीट परीक्षा में शामिल होने के लिए बालोद जिले से कुल 462 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने बताया कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में नीट परीक्षा के सफल आयोजन एवं परीक्षा की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है। इसके अलावा जिले के दोनों परीक्षा केन्द्रों में सुरक्षा, पेयजल, बिजली की समुचित आपूर्ति की व्यवस्था के अलावा स्वास्थ्य सुविधा एवं यातायात आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। परीक्षा में शामिल होने के लिए सभी अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के 03 घण्टे पूर्व संबंधित परीक्षा केन्द्रों में उपस्थित होना अनिवार्य है। जिससे कि समय पर परीक्षार्थियों का रजिस्ट्रेशन एवं बॉयोमेटिक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

लकरा ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा नीट परीक्षा 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदशएँ आयोजन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किया गया है। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने के लिए एनटीए की वेबसाईट से डाउनलोड किया गया एडमिट कार्ड (प्रवेश पत्र) और उस पर चिपकाई गई पोस्टकार्ड साइज फोटो एवं कोई भी एक मूल वैध फोटो पहचान पत्र के अंतर्गत पैनकार्ड, पासपोर्ट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, छात्र आईडी आदि एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाना अनिवार्य है।

जिला प्रशासन द्वारा नीट परीक्षा 2026 में शामिल होने वाले जिले के सभी परीक्षार्थियों से प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अनुकूल वेशभूषा के साथ ही परीक्षा केन्द्र में आने का अनुरोध किया गया है। जिससे कि उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना।

### प्रतिबंधित सामग्रियों ले जाने की अनुमति नहीं

लकरा ने परीक्षार्थियों को अपने साथ परीक्षा केन्द्र में लाने से वर्जित सामग्रियों के संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों ले जाने की बिल्कुल भी अनुमति नही होगी। इसके अलावा परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की आरनॉमेन्टल, ज्वेलरी इत्यादि ले जाने की अनुमति नही दी जाएगी। इसके अलावा परीक्षार्थियों को पतले तलवे वाली चप्पले पहनने होगी, जूते पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी। जारी किए निर्देशों के आधार पर लड़का एवं लड़की दोनों को हाफ स्लीव्स यानी आधी बाजे वाले कपडे पहनने होगें, फुल स्लीव्स पहन कर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों को केवल हल्के कलर के ही कपड़े पहनकर आने को कहा गया है। किसी भी स्थिति में डार्क कलर के कपडे पहनकर परीक्षा केन्द्र में नही आने की समझाईश भी दी गई है।



## खबर संक्षेप

### युवक ने की आत्महत्या पुलिस जांच में जुटी

**बालोद।** परिवार में शादी कार्यक्रम के लिए घर आए युवक ने शादी के अंतिम दिन अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके बाद पुलिस जांच मे जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनौद निवासी कन्हैया विश्वकर्मा 22 वर्ष बाहर रहकर काम करता था तथा परिवार में शादी कार्यक्रम होने के कारण छुट्टी में घर आया हुआ था जहां शादी कार्यक्रम समाप्त होने के अगले दिन ही युवक ने अपने कमरे में दोपहर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक के द्वारा उठाए गए इस कदम की जानकारी सबसे पहले युवक के जीजा को हुई जब युवक का जीजा किसी काम से घर पहुंचा तथा उक्त युवक के कमरे में गया जहां युवक का अपने कमरे में फांसी पर लटका था। जिसके बाद इसकी जानकारी युवक के जीजा ने अन्य लोगो को दी। जहां इसकी जानकारी होने के बाद अन्य परिवारिक जन पहुंचे तथा इसकी जानकारी पुलिस को दी। जहां पुलिस के पहुंचने के बाद युवक के शव को फांसी से उतारकर युवक के शव का पंचनामा करने के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। जहां पीएम होने के बाद शव को परिजनो को सौप दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार युवक के माता–पिता नही है तथा घर में युवक का बड़ा भाई और स्वयं युवक रहा करता था घटना के समय युवक का बड़ा भाई किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान युवक ने इस घटना को अंजाम दिया। युवक द्वारा ऐसा कदम क्यो उठाया गया। यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### पिनकापार में 4 मई को जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में 04 मई 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला पिनकापार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम महराजपुर, गिधवा, पिनकापार, मुजगहन, फुलसुंदरी, बहेराभाठा, चेबा नवागांव, जेवरतला, रानीतराई रोड, भरदा ट, हरदी, औरी, टटेंगा, नाहंदा पीपरखार ना, संबलपुर क, खामतराई, कुआगांव, मनकी सा एवं खपराभाट के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग पीयूष देवांगन को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव एवं जल संसाधन विभाग के आशीष रूसिया को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। पिनकापार में 04 मई को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा आगन्तुकों का स्वास्थ्य शिविर परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।

## दिवस : दल्लीराजहरा में गूंजा मजदूर एकता का स्वर

# अधिकार, सम्मान और संघर्ष के संकल्प के साथ मनाया गया मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर संयुक्त खदान मजदूर संघ, दल्ली राजहरा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र में मजदूर एकता, जागरूकता और अधिकारों के प्रति संघर्ष का मजबूत संदेश दिया। यूनियन कार्यालय में प्रातः 8 बजे झंडा फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे परिसर में मजदूर एकता और अधिकारों के समर्थन में गूंजते नारों ने माहौल को जोशीला बना दिया।

दिनभर चले कार्यक्रमों के तहत शाम 5 बजे एक व्यापक सभा आयोजित की गई, जिसमें श्रमिकों की वर्तमान स्थिति, वेतन असमानता, श्रम अधिकारों और बदलते औद्योगिक माहौल पर गंभीर चर्चा हुई। सभा में वक्ताओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि आज के दौर में श्रमिक वर्ग कई चुनौतियों से जूझ रहा है, जिनका समाधान केवल संगठित संघर्ष से ही संभव है।

यूनियन के सचिव कमलजीत सिंह मान ने अपने संबोधन में कहा कि प्रबंधन द्वारा श्रमिकों का लगातार शोषण किया जा रहा है और कार्य के अनुरूप उचित वेतन नहीं दिया जा रहा। उन्होंने निजी क्षेत्र के मजदूरों की स्थिति को और अधिक चिंताजनक बताते हुए कहा कि समान कार्य के बावजूद उन्हें कम पारिश्रमिक दिया जाता है, जो सामाजिक और आर्थिक असमानता को बढ़ाता है।

उन्होंने यह भी चिंता जताई कि नए श्रम कानूनों में मजदूरों के अधिकार सीमित होते नजर आ रहे हैं। हड़ताल जैसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर प्रतिबंध जैसी व्यवस्थाएं श्रमिकों की आवाज को कमजोर करने का प्रयास हैं, जिन्हें लेकर व्यापक जागरूकता और एकजुटता आवश्यक है।

यूनियन अध्यक्ष श्रीनिवासलू और कार्यालय सचिव हंस कुमार ने भी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों की ताकत उनकी एकता में है। उन्होंने श्रमिकों से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित रहें और किसी भी अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में पीछे न हटें। सभा में उपस्थित कई श्रमिकों और स्थानीय नागरिकों ने भी अपने विचार साझा किए। एक वरिष्ठ श्रमिक ने कहा कि "आज का दिन हमें हमारे संघर्षों की याद दिलाता है और यह भी सिखाता है कि बिना एकता के कोई भी अधिकार सुरक्षित नहीं रह सकता।" वहीं एक युवा ठेका कर्मचारी ने कहा कि "हम उम्मीद करते हैं कि हमारी मेहनत को सही मूल्य मिले और हमें भी समान अवसर प्राप्त हों।"

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने भी भाग लेते हुए श्रमिकों के मुद्दों को समाज के केंद्र में लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनका कहना था कि किसी भी औद्योगिक क्षेत्र की रीढ़ उसके श्रमिक होते हैं, इसलिए उनके हितों की अनदेखी विकास के लिए घातक साबित हो सकती है।

इस आयोजन में हजारों नियमित और ठेका कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन संगठन सचिव राजेश कुमार साहू ने किया, जबकि अंत में कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।मजदूर दिवस के इस आयोजन ने न केवल श्रमिकों के अधिकारों को मजबूती से उठाया, बल्कि यह भी संदेश दिया कि संगठित शक्ति ही हर चुनौती का सामना करने का सबसे बड़ा आधार है।

## भिलाई तीन थाना क्षेत्र की घटना

# परेशान युवक ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ मर्ग कायम कर जांच कर रही पुलिस

परेशान युवक ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि इंदिरा नगर जैन मंदिर भिलाई 3 निवासी दीपक निर्मलकर अपने मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक प्राइवेट काम करता था। खबर है कि मृतक के पास से एक सुसायडल नोट मिला हुआ है जिसमें युवक से परेशान होकर आत्महत्या करने की बात उल्लेख है। इसके अलावा यह भी बताया जा रहा है कि दीपक कर्ज से परेशान होने के कारण आत्महत्या जैसे घातक कदम उठाने की खबर है। इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि दीपक ने आत्महत्या क्यों किया है। वहीं दूसरी घटना ग्राम बटंग का है। जहां आम के पेड़ पर फंदा बनाकर योगेश्वर वर्मा नामक व्यक्ति ने आत्महत्या कर लिया।

## गांजा बेचकर बनाई गई 8 करोड़ की संपत्ति फ्रीज

**भिलाई।** गांजा का अवैध कारोबार कर संपत्ति अर्जित करने वाले ग्राम राजपुर धमधा दुर्ग निवासी मनोज साहू पर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि जांच में पाया गया कि मनोज साहू ने अवैध मादक पदार्थ के कारोबार से आय से ग्राम धमधा, राजपुर, परपोडी क्षेत्र में कुल 16.68 एकड़ कृषि भूमि अनुमानित कीमत 8 करोड़ अर्जित की गई है। उक्त संपत्ति को सेफ्मा की धारा के तहत प्राधिकारी, प्रशासक एमनडीपीएस राजस्व विभाग भारत सरकार मुंबई ने फ्रीज की कार्रवाई किया है। गौरतलब हो कि पुलिस की यह पहली कार्रवाई नहीं है इसके पूर्व भी महिला गांजा तस्कर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई कर संपत्ति को फ्रीज किया गया था।

## बालोद जिले में 436 पंचायतों में शिविर 10 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ ऑनलाइन दर्ज हो रहे आवेदन, शीघ्र होगा निराकरण

छत्तीसगढ़ शासन के मंशानुसार जन–समस्याओं के त्वरित निराकरण और विकास कार्यों को गति देने के लिए बालोद जिले में सुशासन तिहार 2026 की शुरूआत हो चुकी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के सभी 436 ग्राम पंचायतों में विशेष शिविरों का आयोजन कर ग्रामीणों से उनकी मांगों और समस्याओं को आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार के अंतर्गत पहले एवं दूसरे दिन सभी ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाए गए थे। यहाँ ग्रामीणों से उनकी मांगों, पेंशन, राशन कार्ड, राजस्व मामलों और बुनियादी सुविधाओं से संबंधित आवेदन लिए गए। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि प्राप्त सभी आवेदनों को सूचीबद्ध कर, आगामी जनसमस्या निवारण शिविरों से पहले उनका निराकरण किया जाए और संबंधित ग्रामीणों को इसकी विधिवत जानकारी दी जाए।

सुशासन तिहार के प्रथम एवं द्वितीय दिन ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में जिले भर से 10 हजार 313 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें बालोद विकासखंड से 3548 आवेदन, गुरूर विकासखंड से 1240 आवेदन, गुण्डरदेही विकासखंड से 208 आवेदन, डौंडी विकासखंड से 3059 और डौंडीलोहारा विकासखंड से 2268 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज किया जा रहा है। जिसके बाद विभागवार समीक्षा की जाएगी। आने वाले दिनों में आयोजित होने वाले मुख्य शिविरों में आवेदकों को उनके निराकरण की स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

## निपानी में तीन दिनी नाचा-गम्मत महोत्सव में लोक संस्कृति की दिखी जीवंत झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ मंच पर कलाकारों ने बिखेरा नाचा–गम्मत का रंग

■ लोक संस्कृति की जीवंत और आकर्षक झलक साफ दिखाई देती है








छत्तीसगढ़ में नाचा गम्मतमहोत्सव संयोजक रुपेश देशमुख निकुम से उभर कर प्रदेश के अन्य जिला व तहसील के ग्रामीण अंचल में वर्ष 2026 आयोजन नाचा गम्मत महोत्सव बालोद जिले के निपानी की तस्वीरों में लोक संस्कृति की जीवंत और आकर्षक झलक साफ दिखाई देती है। बड़ी संख्या में ग्रामीण, खासकर महिलाएं, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए एकत्रित हुए। जमीन पर पंक्तिबद्ध बैठी महिलाएं पूरे मनोयोग से मंच की ओर निहार रही हैं, जिससे इस आयोजन के प्रति उनकी उत्सुकता और जुड़ाव स्पष्ट झलकता है। यह भी दर्शाता है कि गांवों में आज भी नाचा गम्मत कलाओं के प्रति गहरा सम्मान और लगाव मौजूद है।

दूसरी ओर मंच पर चल रहा कार्यक्रम इस महोत्सव की खास पहचान को उजागर करता है। कलाकार पारंपरिक वेशभूषा में नाचा गम्मत की प्रस्तुति दे रहे हैं, जिसमें हास्य, व्यंग्य और सामाजिक संदेश का अनोखा संगम देखने को मिलता है। महिला कलाकार लाल साड़ी में सजी-धजी नजर आ रही हैं, जबकि पुरुष कलाकार संवाद और गायन के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। पीछे बैठे वादक ढोलक, हारमोनियम और अन्य वाद्य यंत्रों के जरिए माहौल को और भी जीवंत बना रहे हैं।

मंच पर रजीत चक्रधारी प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मतमहोत्सव संयोजक श्री रुपेश देशमुख लोक बताया कि यह तीन दिवसीय राज्य स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव है, जिसका आयोजन 1, 2 और 3 मई 2026 हो रहा है इस तरह के आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होते हैं, बल्कि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी प्रदान करते हैं। साथ ही यह परंपराओं को जीवित रखने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम बनते हैं।

इन तस्वीरों में दर्शकों की भीड़ और मंच की हलचल यह साबित करती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आज भी लोगों के जीवन का अहम हिस्सा हैं। यहां लोग अपनी रोजमर्रा की व्यस्तता से समय निकालकर ऐसे आयोजनों में शामिल होते हैं और सामूहिक रूप से अपनी संस्कृति का उत्सव मनाते हैं।

कुल मिलाकर, यह महोत्सव न केवल मनोरंजन का केंद्र बना, बल्कि सामाजिक एकता, निकुम महोत्सव से उभर कर सांस्कृतिक पहचान और लोक कला के संरक्षण का भी प्रतीक बनकर उभरा है

आज कार्यक्रम में शामिल अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू , पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया विधायक संगीता सिन्हा विधायक कुंवर सिंह निषाद विधायक ओंकार साहू सहित प्रदेश संघ पदाधिकारि सचिव ध्रुव कुमार साहू, कोषाध्यक्ष माखनलाल साहू, कमलनारायण देशमुख भुपेश, प्रकाश, गोपाल, बलराम सहित अन्य प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### उप मुख्यमंत्री विजय...

सुनिश्चित करने हेतु जिले के जनप्रतिनिधियों के अलावा सभी सामाजिक एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को भी अनिवार्य रूप से आमंत्रित करने को कहा। बैठक में दिव्या उमेश मिश्रा ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को बालोद जिले में आयोजित होने वाले सभी शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूर्ण करने की जानकारी दी। मिश्रा ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर बालोद जिले में आयोजित होने वाली सभी शिविरों में आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल एवं अन्य जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के अलावा कूलर इत्यादि की भी समुचित व्यवस्था की गई है। बैठक में शर्मा ने जिले में आयोजित शिविरों में प्रदेश के मंत्रीगणों के अलावा स्थानीय सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष सहित सभी जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से ससम्मान आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने जिले में आयोजित शिविरों की जानकारी आम जनता को समय पर मिल सके इसके लिए मुनादी एवं अन्य माध्यम से इसका समुचित प्रचार–प्रसार करने को कहा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों के साथ–साथ राजस्व पखवाड़ा शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने शिविरों में किसानों को मुफ्त में नक्शा, खसरा प्रदान करने के भी निर्देश दिए। शर्मा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित शिविर के दौरान मुख्यमंत्री एवं मंत्रीगणों के दौरा कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर आयोजन के 03 दिन पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर तैयारियों की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेशन प्रकरणों के समय पर निराकरण के अलावा शिविर में पात्र लोगों के राशन कार्ड में नाम जोड़ने कार्यवाही आदि कार्यों को त्वरित रूप से करने को कहा। शिविर में स्कूल एवं कॉलेज के बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने संबंधी प्राप्त आवेदनों का भी तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विधायक संगीता...

29वें स्थान पर व 12 वीं में 77.79 प्रतिशत के साथ 30वें स्थान पर जिले का नाम रहा है। जिससे समझा जा सकता है कि जिले का नाम शिक्षा व्यवस्था में आगे से पीछड़ कर अब पीछे से गिनती होने की कगार पर आ गई है। उन्होने कहा कि ऐसे पिछड़ते शिक्षा व्यवस्था के कारण ना सिर्फ जिले का नाम खराब हो रहा है बल्कि जिले के बच्चो का भविष्य अंधकारमय होते जा रहा है। जिसके कारण जिले के बच्चे शिक्षा की गुणवत्ता कम होने के कारण पीछड़ते जा रहे है जो जिले के लिए चिंता का सबब बनते जा रहा है। उन्होने कहा कि जिले के जिम्मेदार शिक्षा अधिकारियो को अन्य कामो को छोड़कर जिले के शिक्षा व्यवस्था पर काम करना चाहिए ताकि जिले की शिक्षा व्यवस्था को सुधारा जा सके।

### रेंगाडबरी में जल...

लेकिन पानी नहीं। इससे अच्छा तो पुराना सिस्टम ही था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जांच कर टंकी को चालू कराया जाए और मोटर व बिजली कनेक्शन की व्यवस्था की जाए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

### मुख्य न्यायाधीश...

आवश्यक कार्यवाही करने की भी बात कही। इस मौके पर मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सिन्हा के साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्टार जनरल रजनीश श्रीवास्तव, जॉइंट रजिस्टार कम प्रिंसिपल प्राइवेट सेकेरेटरी एमवीएलएन सुब्रमण्यम् एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रोटोकॉल ऑफिसर रविन्द्र सिंह नेगी सहित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्यामलाल नवरत्न विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने जिला एवं सत्र न्यायालय बालोद में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट, अतिरिक्त न्यायाधीश पास्को कोर्ट, डिजिटल एवं स्केनिंग कक्ष, सर्वर रूम, एफटीसी कोर्ट आदि के अलावा जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रशासनिक कार्यालय सहित विभिन्न कक्षों का अवलोकन कर प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न से वहाँ के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कक्ष में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को तलब कर ग्राम सिवनी में निर्माणाधीन नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली तथा निर्माण कार्य के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए।

### गॉड ऑफ आर्नर ...

(पॉक्सो एक्ट) कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी हीरा सिन्हा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी भूमिका धुरव सहित अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर सहित अन्य अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित थे।

### यातायात नियमों पर...

चालकों द्वारा मौके पर कागजात प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई की गई, जो कुल कार्रवाइयों का बड़ा हिस्सा है। इसके अलावा 173 सीएफ प्रकरण एवं 617 न्यायालयीन प्रकरण भी इसी श्रेणी में दर्ज किए गए, जिससे स्पष्ट है कि आमतौर पर लोग दस्तावेज साथ रखने को लेकर लापरवाह हैं। दूसरी ओर, सबसे कम मामले खतरनाक तरीके से वाहन चलाने 2 प्रकरण और तेज गति से वाहन चलाने 3 प्रकरण सामने आए हैं। इसके अलावा बिना लाइसेंस वाहन चलाने के भी केवल 3 मामले दर्ज किए गए। अन्य प्रमुख मामलों की बात करें तो दोपहिया वाहन में तीन सवारी बैठाने के 80 मामले, लाइसेंस प्रस्तुत न करने के 58 मामले, सीट बेल्ट नहीं पहनने के 20 मामले और बिना हेलमेट के 8 मामले दर्ज किए गए हैं। वहीं शराब पीकर वाहन चलाने के 5 मामले सामने आए, जो गंभीर श्रेणी में आते हैं। जुर्माने के आंकड़ों पर नजर डालें तो कागजात नहीं रखने के मामलों में ही सबसे अधिक राजस्व प्राप्त हुआ है, जबकि शराब पीकर वाहन चलाने जैसे मामलों में प्रति प्रकरण अधिक जुर्माना वसूला गया।

### पुरानी रंजिश में ...

जांघ को मारपीट किया है, जिसे छुड़ाकर मैं अपने सायकल के पास आ रहा था तो पुनः मुझे पटक कर हाथ मुक्का से मारपीट कर सायकल खींचकर ले गया है। मारपीट करने से मेरे दोनों जांघ एवं दोनों हाथ की कलाई के उपर चोट लगा है।

# कलंगपुर की पायल साहू ने बारहवीं में 92.80% अंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने घर पहुंचकर किया सम्मान



जिले के ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं एक बार फिर अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवा रही हैं। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कलंगपुर की मेधावी छात्र पायल साहू पिता काशीनाथ साहू ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने विद्यालय सहित पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

पायल की इस उपलब्धि पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने उनके निवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। पायल साहू ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से बोर्ड परीक्षा में 92.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस सफलता की गूंज पूरे क्षेत्र में है उन्होंने शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कलंगपुर में प्रथम स्थान और बालोद जिले की प्रावीण्य सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया है।

सम्मान के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने पायल को पुष्पगुच्छ भेंट किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि पायल जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए जिले की मेरिट लिस्ट में जगह बनाना यह दर्शाता है कि यदि संकल्प दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। ग्रामीण क्षेत्रें में प्रतिभाओं की कमी नहीं है बस उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रोत्साहन की आवश्यकता है।

पायल की इस उपलब्धि पर कलंगपुर सहित आसपास के गांवों में हर्ष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि पायल ने यह साबित कर दिया कि सरकारी स्कूलों के छात्र भी ऊंचे मुकाम हासिल कर सकते हैं। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, लेखराम साहू सरपंच संघ अध्यक्ष सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्कूल स्टाफ और परिजन उपस्थित रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गोंड समाज भठगांव 'आर' में महिला प्रकोष्ठ का गठन



**गुण्डरदेही।** शनिवार को आदिवासी ध्रुव गोड समाज परिक्षेत्र भठगांव आर द्वारा समाज को नई दिशा व मातृ शक्ति की सहभागिता हेतु महिला प्रकोष्ठ का गठन किया। जिसमे सर्वसम्मति से अध्यक्ष चेतना रानी पदाम, उपाध्यक्ष कुमारी बाई मंडावी, कोषाध्यक्ष प्रभा ठाकुर, सचिव रेखा ठाकुर को बनाया गया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष दुलार सिंह मंडावी, उपाध्यक्ष जगन्नाथ मंडावी, कोषाध्यक्ष गुरुदयाल पदाम, सलाहकार परसराम ठाकुर, सचिव नरसिंग ठाकुर, उपाध्यक्ष पाटन राज उमाशंकर ठाकुर, प्रवक्ता नंदकिशोर नेताम, सलाहकार डीएल ध्रुवे, संरक्षक लखनलाल ठाकुर, संरक्षक खुमू ठाकुर, घनश्याम ठाकुर, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राजकुमार ठाकुर सदस्य व परिक्षेत्र भाठागांव आर आदिवासी ध्रुव गोड समाज के सभी सदस्य व बड़ी संख्या मे महिलाए उपस्थित थे।

### जैन समाज की साधिका विमला ओस्तवाल ने पूर्ण किया वर्षीतप, पारणा संपन्न

**बालोद/कलंगपुर।** कलंगपुर जैन समाज की विमला गणेशमल ओस्तवाल ने अपने आचार्य 1008 रामलाल जी मसा के आज्ञानुमर्ति अक्षय मुनी जी आदी ढाना के समक्ष दुर्ग में वषएँ तप का पारणा किया। वषएँ तप जैन धर्म की एक कठिन तपस्या है जो 400 दिनों तक चलती है। इसमें एक दिन उपवास और अगले दिन आहार लेना फिर दूसरे दिन उपवास इस तरह यह तप लगातार दो सालों से चलती है। तप की पूर्णता पर गुरु के सानिध्य में पारणा करना विशेष पुण्य माना जाता है, इसी तरह से विमला गणेशमल ओस्तवाल की दो वर्षो की कठिन तपस्या आज 3 मई रविवार को पूर्णता हुई। जिन पर कलंगपुर जैन श्री संघ के समस्त श्रावक श्राविकाओं ने विमला जी ओस्तवाल की तपस्या का अनुमोदना की और गुरुदेव के प्रति आस्था को नमन किया। इस दौरान गुरुदेव ने तपस्या का महत्व बताते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।



# मजदूर दिवस की रैली व आमसभा में दिखी श्रमिकों की एकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा में अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पूरे जोश, उत्साह और संघर्ष के संकल्प के साथ मनाया गया। हिंदुस्तान स्टील एंप्लाइज यूनियन (सीटू) से जुड़े मजदूरों ने सुबह से ही कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू कर श्रमिक एकता का सशक्त प्रदर्शन किया। तड़के 5:30 बजे माइंस कार्यालय के सामने झंडारोहण किया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया और मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद 6:00 बजे यूनियन कार्यालय में भी ध्वजारोहण कर श्रमिकों ने शोषणकारी व्यवस्थाओं के खिलाफ संघर्ष को और तेज करने का संकल्प लिया। दिनभर चले कार्यक्रमों के बीच शाम 4:00 बजे एक विशाल बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे शहर में श्रमिक एकता का संदेश फैलाया। माइंस कार्यालय से शुरू हुई यह रैली पुराना बाजार, नया बाजार, बस स्टैंड और टाउनशिप होते हुए वापस यूनियन कार्यालय पहुंची, जहां यह एक विशाल आमसभा में तब्दील हो गई। सभा में मजदूरों का उत्साह और एकजुटता देखते ही बन रही थी। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने मजदूर आंदोलन के इतिहास को याद करते हुए कहा कि 1886 के शिकागो के संघर्ष से शुरू हुआ मई दिवस आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर पूंजीवादी नीतियों के बढ़ते प्रभाव के चलते मजदूरों पर दबाव और शोषण लगातार बढ़ रहा है।

## दल्लीराजहरा में मजदूर दिवस पर सीटू ने दिखाई एकजुटता की ताकत



### मजदूरों की एकता ही सबसे बड़ी ताकत

संगठन सचिव प्रकाश क्षत्रिय ने सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण के खतरे पर चिंता जताते हुए कहा कि बड़े उद्योगों को कमजोर कर उन्हें निजी हाथों में सौंपने की रणनीति अपनाई जा रही है। भिलाई इस्पात संयंत्र और उससे जुड़ी खदानों में श्रमशक्ति में कटौती के फैसले को उन्होंने क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा बताया। उनका कहना था कि इससे न केवल मजदूरों की रोजी-रोटी प्रभावित होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कार्यक्रम में शामिल अन्य श्रमिक नेताओं और स्थानीय नागरिकों ने भी अपने विचार रखे। श्रमिक प्रतिनिधि रमेश नेताम ने कहा कि मजदूरों की एकता ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और इसी के बल पर वे हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। वहीं स्थानीय व्यापारी संघ से जुड़े सदस्यों ने भी आशंका जताई कि यदि उद्योगों पर संकट बढ़ता है तो इसका सीधा असर व्यापार और आम जनजीवन पर पड़ेगा। महिला श्रमिक प्रतिनिधियों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए कहा कि मजदूर आंदोलन में महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है और वे हर संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी हैं। उन्होंने श्रमिक अधिकारों के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक कार्य वातावरण की मांग को भी प्रमुखता से उठाया।

## 15 जून तक राजस्व पखवाड़ा, शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर

# जिले में जनसमस्या निवारण व राजस्व पखवाड़ा शिविरों की श्रृंखला शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि राजस्व एवं प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 01 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक जिलों के ग्राम पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 01 मई से 10 जून 2026 तक जनपद पंचायत एवं नगरीय निकाय क्षेत्रें में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के साथ–साथ राजस्व पखवाड़ा शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिले के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रें में जनसमस्या निवारण शिविरों के साथ–साथ राजस्व पखवाड़ा शिविर के आयोजन हेतु निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 04 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिनकापार, 05 मई को शासकीय स्कूल मैदान खपरी, नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा, 06 मई को डौण्डी विकासखण्ड के खेल मैदान नर्राटोला, 07 मई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी एवं नगर पंचायत भवन पलारी, 08 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घीना एवं 12 मई को सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल मैदान बालोद एवं ग्राम पंचायत परिसर माहुद अ में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।




इसी तरह 13 मई को डौण्डी विकासखण्ड के हाई स्कूल मैदान मंगलतराई, 14 मई को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम हितेकसा एवं नगर पंचायत गुण्डरदेही, 15 मई को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल संजारी एवं नगर पंचायत डौण्डी में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही 18 मई को डौण्डी विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक शाला मैदान भैंसबोड़, 19 मई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुरेदा एवं नगर पंचायत गुरूर, 20 मई को शासकीय कन्या हाई स्कूल मैदान करहीभदर एवं डौण्डी विकासखण्ड के अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय चिखलाकसा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 21 मई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राहुद एवं शासकीय हाई स्कूल खुरथुली, 22 मई को नगर पंचायत कार्यालय के सामने डौण्डीलोहारा, 26 मई को गुण्डरदेही विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरेल, 28 मई को गुरूर विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम फागुनदाह एवं 29 मई को बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल बघमरा एवं औरा–चौरा मंच अर्जुंदा, 02 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाडबरी, 03 जून को गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अरकार में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 04 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माहुद बी, 05 जून को डौण्डी विकासखण्ड के खेल मैदान ठेमाबुजुर्ग, 09 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरबसपुर एवं 10 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम कोड़ेकसा में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# व्यापारिक गैस के दाम बढ़ने से होटल संचालकों ने बढ़ाई चिंता नाश्ते के दाम बढ़ाने की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

व्यापारिक सिलेण्डर गैंस के दामो में हुई बढ़ोत्तरी का असर आने वाले दिनो में बड़ा, समोसा, कचोरी के दामों में वृद्धि के रूप में देखने को मिल सकता है।

- गैस सिलेंडर महंगा, समोसा–कचोरी भी होंगे महंगे!

यापारिक सिलेण्डर के दाम 1000 हजार रूपये बढ़ाए गए है, वृद्वि से हॉटल संचालक अब बड़ी लागत के कारण नास्ता के दामो में वृद्वि करने का विचार कर रहे है।

जिले के कई हॉटलो में वर्तमान में 20 रूपये समोसा नास्ता प्लेट मिल रहा है, लेकिन वर्तमान में सिलेंण्डर गैंस के दामो में वृद्वि होने के कारण 20 रूपये के समोसा के नास्ता के दाम 30 रूपये करने का विचार जिला मुख्यालय के हॉटल संचालक कर रहे है।

हॉटल संचालको से बात करने पर उन्होने बताया कि वर्तमान मे खाद्य सामग्री के दाम भी बढ़ गए है, जिसके साथ गैंस सिलेण्डर के दामो में भी वृद्वि हो गई है जिसके कारण अब हम आगे एक माह के अंदर नास्ता के दाम 20 से 30 करने का विचार कर रहे है।



# ओडारसकरी में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत ओडारसकरी में हर माह की भांति इस माह के प्रथम शनिवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व ग्राम पंचायत सरपंच अनिल सोनी ने किया। इस दौरान स्वच्छता समूह की बहनों एवं ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



गांव के प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं नालियों की साफ-सफाई की गई। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए साफ-सुथरा वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। सरपंच अनिल सोनी ने कहा कि स्वच्छ गांव, स्वस्थ गांव की पहचान है और सभी ग्रामीणों के सहयोग से ग्राम पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से नियमित रूप से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर स्वच्छता समूह की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बड़गांव की मेधावी छात्रा हिना ने 10वीं में 94% अंक हासिल कर बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़गांव का वर्ष 2026 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के साथ ही विद्यालय स्तर पर 9वीं एवं 11वीं कक्षा के परिणाम में भी विद्यार्थियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी कक्षाओं के टॉप तीन विद्यार्थियों की सूची जारी की गई।

कक्षा 10वीं में हिना (पिता नोमन लाल) ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए क्षेत्र का मान बढ़ाया। प्रीजा (पिता प्रकाश उर्वशा) ने 79.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा ईसा साहू ने 79.67 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया।

कक्षा 9वीं में पुष्पांजलि ने 84.83 प्रतिशत के साथ प्रथम, कविता ने 80.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं युगश्वरी ने 78.33 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं कला संकाय में मानसी एवं तारणी ने संयुक्त रूप से 85-85 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। किरण (81 प्रतिशत) द्वितीय तथा विद्या (69.6 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान संकाय में विद्या (81.2 प्रतिशत) प्रथम, वेणु (80.8 प्रतिशत) द्वितीय एवं मेनका (80.6 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं।



कॉमर्स संकाय में सोनाली (86 प्रतिशत) प्रथम, प्रेमिका (70.6 प्रतिशत) द्वितीय एवं जागृति (62.2 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहीं।

कक्षा 12वीं कला संकाय में चेतना (पिता नरेंद्र कुमार) ने 83.4 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हेमलता (पिता शोभिन राम) 81.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं हेमकुँवर (पिता मनोज कुमार) 76.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

विज्ञान संकाय में साहिल कुमार (पिता ईस्वरी लाल) 83.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, टींकल (पिता इंद्राजीत) 81.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं टिकेश्वरी (पिता धीरज कुमार) 80.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। कॉमर्स संकाय में डोमेश्वरी (पिता घनाराम पटेल) 70.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, साहिल कुमार (पिता लोकेश कुमार) 67.6 प्रतिशत के साथ द्वितीय एवं जितेंद्र कुमार (पिता तेजराम) 61.2 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हिना एवं उनके पालक का विशेष सम्मान किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य, जनपद सदस्य डोमेंन्द्र सिंह राजपूत, शाला विकास समिति सदस्य विक्रम साहू, अशोक पटेल, पालकगण तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा का बोर्ड परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट, विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**डौंडीलोहारा।** नगर के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम विद्यालय (सेजेस) डौंडी लोहारा का बोर्ड परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है। परिणाम घोषित होने के बाद विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

कक्षा 10वीं अंग्रेजी माध्यम में पलक सिन्हा ने 91.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। नंदिनी ठाकुर ने 90.83 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा वैभव रावटे ने 89.17 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम में वैष्णवी भुआर्य ने 87.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिद्धांत जोगी ने 87 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा सुनन्दिनी राजपूत ने 86.80 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान हासिल किया। हिन्दी माध्यम कक्षा 10वीं में रेशमी ठाकुर ने 89.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जिज्ञासा साहू ने 85.50 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा 12वीं हिन्दी माध्यम में प्रतिभा साहू ने 78.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। संस्था प्रमुख डी. आर. देवहरे ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### सेजेस सिकोसा में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, 10वीं-12वीं टॉपर्स हुए सम्मानित

**बालोद/सिकोसा।** सेजेस विद्यालय हिंदी, अंग्रेजी माध्यम शाला सिकोसा के 10वीं एवं 12वीं में प्रथम एवं द्वितीय आने वाले छात्र–छात्रएंओ का सम्मान किया गया। जिसमे 12वीं हिंदी माध्यम से प्रथम स्थान विद्या भारती पिता तिलोचन भारती 91.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान तान्या पिता लिलेश्वर 85.8 प्रतिशत है। दसवीं हिंदी माध्यम से प्रथम स्थान चंचल पिता कन्हैया लाल 87.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान डीलेन्द्र कुमार सिन्हा पिता एस कुमार सिन्हा 86.6 प्रतिशत है। दसवीं अंग्रेजी माध्यम प्रथम स्थान वंशिका चन्द्राकर पिता प्रवीण चन्द्राकर 91.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान काव्यांजलि यादव पिता स्वगएँय राजू यादव 90.3 प्रतिशत है। इन मेधावी छात्र–छात्रओं को सेजेस सिकोसा के प्राचार्य मधुमाला कौशल, वरिष्ठ व्याख्याता केएल गेण्ड्रे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, कुलेश्वर तिवारी, जनपद सदस्य आशीष गहलोत, सरपंच प्रीतम ठाकुर, संजय बारले, महेश महिलवर, शाला विकास समिति के सदस्य डामन चौरे, सेजस हिंदी, अंग्रेजी माध्यम के सभी स्टाफ के द्वारा इन छात्र –छात्रओं ने हर्श व्यक्त किया।

## करुणा, शांति और समानता के संदेश से गूंजा शहर

# दल्लीराजहरा में बुद्ध जयंती का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

विश्व शांति के अग्रदूत गौतम बुद्ध की 2570वीं जयंती के अवसर पर सम्यक बौद्ध महासभा द्वारा डॉ. आंबेडकर मेमोरियल भवन में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, अनुशासन और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लेकर बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन सत्र से हुई, जिसमें भीमराव आंबेडकर और तथागत बुद्ध के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पंचशील एवं नीले ध्वज का ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित बौद्ध उपासकों और उपासिकाओं ने सामूहिक रूप से त्रिशरण एवं पंचशील का वाचन कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। संध्याकालीन सत्र में श्रद्धा और जागरूकता का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब समाजजनों ने मोमबत्ती रैली निकालकर शांति, अहिंसा



और मानवता का संदेश पूरे नगर में प्रसारित किया। रैली के दौरान "जय भीम" और "बुद्धं शरणं गच्छामि" के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। मंचीय कार्यक्रम में वक्ताओं ने बुद्ध के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए वर्तमान समय में उनकी प्रासंगिकता को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि बुद्ध का मध्यम मार्ग, अहिंसा, करुणा और सत्य का संदेश आज भी समाज को दिशा देने में सक्षम है। सामाजिक समरसता, जातिगत भेदभाव से मुक्ति और मानवीय मूल्यों को स्थापित करने के लिए बुद्ध के विचार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के दौरान समाज के सक्रिय वार्ड संगठन सचिवों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जिससे समाजसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को सराहा गया। आयोजन में विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं और बुद्धिजीवियों ने भी अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और युवाओं को सही दिशा प्रदान करते हैं। श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर सहभागिता निभाई और बुद्ध व आंबेडकर के विचारों को श्रमिक वर्ग के लिए प्रेरणादायी बताया। उनका कहना था कि समानता, न्याय और अधिकारों की लड़ाई में ये विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। पूरे आयोजन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन सामाजिक एकता और जागरूकता का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समापन संयोजकों द्वारा किया गया, जिसमें सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन न केवल श्रद्धा का प्रतीक बना, बल्कि समाज में शांति, समता और भाईचारे के संदेश को और मजबूत करने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास साबित हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, चैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
11 मई,25 मई, 06 जून, 15 जून, 05 सितम्बर, 10 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22अक्टूबर, 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411